मतगणना के दौरान व्यवस्थाएं रहें चाकचौबंद : पोसवाल

उदयपुर, (कासं)। विधानसभा आम चुनाव- 2023 के तहत रविवार को होने वाली मतगणना को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं। इस बीच जिला निर्वाचन अधिकारी व कलक्टर अरविन्द पोसवाल और पुलिस अधीक्षक डॉ भुवनभूषण यादव ने मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय आर्टस् कॉलेज परिसर स्थित मतगणना स्थल का दौरा कर तैयारियों का ज़ायज़ा लिया।

उदयपुर में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने मतगणना स्थल का दौरा कर तैयारियों का ज़ायज़ा लिया।

जिला निर्वाचन अधिकारी श्री पोसवाल और एसपी डॉ यादव शुक्रवार अपराह्न आर्टस् कॉलेज पहुंचे। यहां उन्होंने गणना स्थल पर कार्मिकों व चुनाव व गणन अभिकर्ताओं की प्रवेश व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने फोटो युक्त अधिकृत प्रवेश पत्र के बिना किसी भी व्यक्ति को गणना स्थल पर प्रवेश नहीं देने के निर्देशों की सख्ती से पालना की हिदायत दी। साथ ही परिसर के बाहर और अंदर की जा रही सुरक्षा व्यवस्था की भी समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। दोनों अधिकारियों ने पर्यवेक्षक की बैठक व्यवस्था, विधानसभा वार आरओ कक्ष एवं मतगणना कक्ष का भी निरीक्षण कर चुनाव आयोग की गाइडलाइन के अनुरूप सभी तरह के बंदोबस्त करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने गणना के दौरान स्ट्रांग रूम से क्रमानुसार कंट्रोल युनिट को संबंधित टेबल पर पहुंचाने की व्यवस्था की भी जानकारी ली। उन्होंने मीडिया सेल, एनआईसी सेल, जलपान व्यवस्था, सामान्य व्यवस्था प्रकोष्ठ आदि का भी निरीक्षण कर तैयारियों की समीक्षा करते हुए जरूरी दिशा-निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने वहां मौजूद विभिन्न प्रकोष्ठ प्रभारियों सहित अन्य अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया का सबसे अंतिम और महत्वपूर्ण कार्य मतगणना है। इसमें किसी भी तरह की कौताही पूरे निर्वाचन को दूषित कर सकती है। इसलिए सभी अधिकारी पूर्ण गंभीरता से कार्य करते हुए मतगणना कार्य को को निर्विवादित रूप से समय पर संपादित करें। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी शैलेश सुराणा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

सार-समाचार

हादसे में युवक की मौत, एक घायल

डूंगरपुर, (निसं)। जिले दोवड़ा थाना क्षेत्र रामगढ गांव नई बस्ती के निकट एक तेज रफ्तार बाइक ने अन्य बाइक पर घर जा रहे दो युवकों टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चला रहे युवक की मौके पर मौत हो गई। वही पीछे बैठा दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक का इलाज जारी है। प्राप्त जानकारी अनुसार दोवडा थाना क्षेत्र विकासौर गांव निवासी जयेश पुत्र सुखलाल ननोमा ओर कांतिलाल पुत्र धनजी ननोमा दोनो रामगढ गांव से बाइक से घर लोट रहे थे। बाइक जयेश चला रहा था। जैसे ही दोनो बाइक से रामगढ गांव के नई बस्ती के पास पहुंचे इस दौरान सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक सवार ने जयेश की बाइक को टक्कर मार दी। हादसे जयेश और कांतिलाल गंभीर रूप से घायल हो गए। जयेश के सिर पर गंभीर चोटे आने पर उसकी मौके पर मौत हो गई। वही कांतिलाल गंभीर घायल हो गया। सूचना मिलने पर मौके पर जयेश के परिजन मौके पर पहुंचे तथा घायल कांतिलाल को निजी वाहन से जिला अस्पताल पहुंचा गया। वही जयेश को डॉक्टरों जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर मौके पर दोवडा पुलिस पहुंची तथा शव को जिला अस्पताल के मोर्चरी में रखवाया गया। शुक्रवार सुबह मृतक जयेश के परिजन मोर्चरी पहुंच कर पुलिस को टक्कर मारने वाले बाइक सवार के खिलाफ रिपोर्ट दी। पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर शव का पोर्टमार्टम करवाकर शव परिजनों सौंपा दिया। वही मामला दर्ज कर बाइक सवार की तलाश शुरू कर दी।

शिविर में 327 रोगियों का पंजीकरण

कपासन, (निसं)। विश्व एड्स दिवस पर दीक्षा क्रियेशन्स सोसायटी एवं तारा संस्थान, उदयपुर के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को प्रात: 10 बजे से 2 बजे तक विशाल नि:शुल्क नेत्र परीक्षण एवं मोतियाबिन्द ऑपरेशन चयन शिविर का आयोजन किया गया।महाविद्यालय प्रबन्ध निदेशक डॉ. वसीम खान एवं संस्था सचिव नीमा खान ने बताया कि यूके के शशि तलवार के सौजन्य से तारा संस्थान, उदयपुर के संस्थापक कल्पना गोयल एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी दीपेश मित्तल के मार्गदर्शन में आर.एन.टी. कॉलेज केम्पस कपासन में डॉ. मोहन प्रजापत व डॉ. पद्मा शर्मा के नेतृत्व में 6 सदस्यीय टीम ने नेत्र परीक्षण एवं मोतियाबिन्द ऑपरेशन के लिए चयन किया।महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. एस.एन.ए. जाफरी ने बताया कि शिविर में 327 रोगियों का पंजीकरण किया गया जिसमें से 25 लोगों को मोतियाबिन्द ऑपरेशन के लिए चयन किया गया। ऑपरेशन के लिए चयनित रोगियों को श्री सचिन भाटिया आई हॉस्पीटल उदयपुर के अन्तर्गत तारा संस्था द्वारा नि:शुल्क ऑपरेशन व अन्य सुविधाएं दी जाएगी। शेष रोगियों को आंखों के नम्बर निकालकर चश्मे व दवाईयां वितरित की गई।

गायों को चारा खिला जन्मदिन मनाया

मंडफिया, (निसं)। कपासन विधायक अर्जुन लाल जीनगर भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मंडफिया पहुंचकर भगवान सांवलिया सेठ के दर्शन कर गौशाला में गायों को चारा खिलाकर अपना जन्म दिवस मनाया। विधायक जीनगर के मंडफिया पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत कर जन्म दिवस की बधाई दी। इसी तरह भादसोड़ा कस्बे में स्थित श्री कृष्ण आदिनाथ गौशाला में भी विधायक जीनगर ने गायों को गुड व लापसी खिलाकर अपना जन्मदिन मनाया। इस मौके पर मंदिर बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष कन्हैयालाल वैष्णव, मंदिर बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा, मंडफिया पूर्व सरपंच हजारी दास वैष्णव, भादसोडा भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय सिंह चौहान, मंदिर मंडल के पूर्व सदस्य भेरूलाल सोनी, रमेश चंद्र वैष्णव, जीएसएस अध्यक्ष राजकुमार वैष्णव, राधे सुथार, रमेश चंद्र चंडालिया, अशोक अठावाल, रूपेश तूसावड़ा, विश्वास वैष्णव, सचिन वैष्णव, अशोक व्यास, सहित सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

बदमाशों ने विद्यालय को बनाया निशाना

देवगढ़, (निसं)। थाना क्षेत्र के स्वादड़ी गांव में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के अंदर अज्ञात बदमाश चोरों ने विद्यालय के प्रधानाचार्य कक्ष एवं कम्प्यूटर रूम के ताले तोड़कर एल ई डी टीवी, मॉनिटर, सी पी यू सहित अलमारी मे रखी नगदी सहित दस्तावेजों को खुर्द बुर्द कर इलेक्ट्रॉनिक सामान चोरी कर लें जाने का मामला सामने आया हैं।सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार किसी जानकर व्यक्ति द्वारा घटना को अंजाम देने का संदेह जताया जा रहा हैं। विस्तृत जानकारी के अनुसार विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रहलाद सिंह कच्छावा ने बताया की गुरुवार रात्रि को चोरी की घटना हुई जिस पर शुक्रवार प्रात: 9:30 बजे जब विद्यालय पहुँचे जहाँ पर पता चला कि विद्यालय के प्रधानाचार्य कक्ष,कक्षा 12 के कमरा नंबर 2 और पास ही स्थित कम्प्यूटर कक्ष के ताले टूटे हुए है चोरी की वारदात से विद्यालय के ऑनलाइन कार्य समस्त बाधित हो गए हैं। घटना की जानकारी तुरंत थाने पहुंचकर थानाधिकारी को दी गई ।सुचना पर देवगढ थाना से द्वितीय थाना अधिकारी प्रताप सिंह मय जाब्ता मौके पर पहुँचे जहाँ प्रारंभिक जाँच करते हुए बताया की आस पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए परंतु अभी तक चोरों का कोई सुराग हाथ नहीं लगा हैं।

तोड़फोड़ करने वाले दो गिरफ्तार

डूंगरपुर, (निसं)। सदर थाना पुलिस ने मौताणे की मांग को लेकर घर में आगजनी और तोडफोड करने के मामले में फरार चल रहे 2 आरोपियों को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया है। जब कि इस मामले में पुलिस ने दस आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस गिरफ्तार आरोपियों को पूछताछ कर रही है। सदर थानाधिकारी ने बताया कि 7 अगस्त को खेमारू निवासी रामलाल पुत्र स्व. नाथूलाल कटारा ने प्रकरण दर्ज करवाया था कि उनके घर पर खेमारू फला भेमात निवासी हमलावरों ने मौताणे की मांग को लेकर हाथों में लट्ठ, पत्थर, धारदार हथियार, कुल्हाडी, जलती हुई मशाले लेकर हमला कर दिया था तथा घर को भी आग के हवाले कर दिया था और घर में तोडफोड कर काफी नुकसान पहुंचाया था। इस मामले में पुलिस ने पूर्व में दस आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। वही दो आरोपी मौके से फरार चल रहे थ। पुलिस ने फरार खेमारू फला भेमात निवासी राजू पुत्र पूंजा कटारा व दिता पुत्र सोमा डामोर को गिरफ्तार कर लिया है।

डॉ. लुहाड़िया अवार्ड से सम्मानित

उदयपुर, (कासं)। गीतांजली मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल के चेस्ट एवं टीबी विभाग के प्रोफेसर एमेरिटस डॉ. एस. के. लुहाड़िया को टीबी एंड रेस्पिरेटरी मेडिसिन क्षेत्र में विशेष योगदान देने के लिए हैदराबाद में आयोजित देश की सबसे बड़ी राष्ट्रीय चेस्ट सम्मेलन नैपकॉन के उद्घाटन समारोह में नेशनल कॉलेज ऑफ चेस्ट फिजिशियन सोसाइटी ऑफ इंडिया द्वारा प्रोफेसर एम.एम. सिंह मेमोरियल लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस अवार्ड के लिए प्रति वर्ष नेशनल कॉलेज ऑफ चेस्ट फिजिशियन एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा पूरे देश से एक टीबी एवं चेस्ट फिजिशियन को चयनित किया जाता है समारोह के मुख्य अतिथि आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक पद्म विभूषण गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर जी, विशिष्ट अतिथि नई दिल्ली एम्स के पूर्व डायरेक्टर पद्मश्री डॉ. रणदीप गुलेरिया, देश के जाने माने चेस्ट फिजिशियन पद्म भूषण पुरस्कार से सम्मानित डॉ. फारुख उदवाडिया थे इस सम्मेलन में पूरे देश एवं विदेश से चेस्ट एवं टीबी विशेषज्ञ सम्मिलित होते है डॉ. लुहाडिया को इस प्रतिष्ठित अवार्ड से सम्मानित होने पर गीतांजली समूह के कार्यकारी निदेशक श्री अंकित अठावाल, गीतांजली हॉस्पिटल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री ऋषि कपूर, डीन डॉ. संगीता गुप्ता आदि ने बधाई दी।

क्विज़ में मुल्तजम अमर प्रथम

उदयपुर, (कासं)। पेसिफिक इंस्टिट्यूट ऑफ बिजनस स्टडीस, पेसिफिक युनिवर्सिटी द्वारा 12वीं कॉमर्स के विद्यार्थियों के लिए कॉमर्स क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत बोर्ड परीक्षा को ध्यान में रखते हुए एकाउंटेंसी, बिजनेस स्टडीज, इकोनॉमिक्स और एंटरप्रेन्योरशिप से संबंधित प्रश्न पूछे गए। प्रतियोगिता के लिए 12 स्कूलों से प्रविष्टियां प्राप्त हुई। क्विज प्रतियोगिता दो चरणों में आयोजित की गई। प्रथम चरण में उदयपुर शहर के विभिन्न विद्यालयों से 50 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इन सभी से 50 प्रश्न पूछे गए जिनका सही और न्यूनतम समय में उत्तर देने वाले प्रथम 20 प्रतिभागियों का चयन फाइनल राउंड में हुआ । फाइनल राउंड में 30 प्रश्न पूछे गए जिनका उत्तर 20-20 सेकंड में देना था। विद्यार्थियों ने इस क्विज के लिए जमकर तैयारी की और उत्साह के साथ भाग लिया।क्विज में प्रथम स्थान पर सेंट पॉल स्कूल के मुल्तजम अमर, दूसरे स्थान पर एमडीएस सी. से. स्कूल के पलाश पोखरणा, तीसरे स्थान पर सेंट पॉल स्कूल के नयन चोरडिया तथा चौथे स्थान पर सेंट एंथोनी स्कूल के सारांश त्रिवेदी रहे। क्विज का संचालन डॉ. मोहम्मद आबिद, डॉ. दीपिका चपलोत और नीलिमा बजाज ने किया। उन्होंने क्विज के साथ ही विभिन्न प्रश्नों के उत्तरों की भी सैद्धांतिक व्याख्या की तथा विद्यार्थियों के संशय दूर किये।

सार-समाचार

युवक ने फंदा लगा की आत्महत्या

डूंगरपुर, (निसं)। वरदा थाना क्षेत्र के सेलज गांव में एक युवक ने अपने ससुराल में घर के पास एक पेड से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक अपनी पत्नी और बच्चों के साथ दिवाली से अपने ससुराल में रह रहा था। आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। वरदा थानाधिकारी ने बताया कि काहेला फला निवासी लक्ष्मण पुत्र देवजी ने रिपोर्ट में बताया कि मेरा भतीजा जीवतराम पुत्र दयाला ननोमा अहमदाबाद में मजदूरी का काम करता है। उसके साथ उसकी पत्नी और चार बच्चे साथ ही रहते है। दिवाली पर जीवतराम अपने परिवार के साथ सेजल गया था और दिवाली से ससुराल में ही था। गत रात्रि को जीवतराम ने ससुराल में खाना खाया था और वही सो गया। जब शुक्रवार को प्रात:परिवार के लोग उठे तो देखा कि जीवतराम अपने खांट पर नहीं था। जब लोगों ने आस-पास तलाश करने पर घर के बाहर ही एक पेड से जीवतराम का शव लटका हुआ था। ससुराल पक्ष की सूचना पर जीवतराम के परिवार के लोग भी मौके पर पहुंच गये और लटक रहे शव को पेड से नीचे उतारा। परिवार जनों ने घटना की जानकारी वरदा पुलिस को दी। जानकारी मिलते ही पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और शव को जिला चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवाया। पुलिस ने शव का पोस्ट मार्टम करा शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चला है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है।

जेवर व नकदी चोरी

उदयपुर, (कासं)। शहर के सविना एवं अम्बामाता थाना क्षैत्र में सूने मकान का ताला तोड़ कर चोर जेवर व नकदी चुरा ले गए। अन्यत्र फलासिया थाना क्षेत्र में सूने मकान से चोर जेवर व नकदी चुरा ले गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित राजेश कुमार पुत्र मोतीलाल निवासी पार्श्वनाथविला एकलिंगपुरा सविना ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया कि मेरी भाभी की मौत होने पर 28 नवंबर को परिवार सहित गांव गए थे। 30 नवंबर को पड़ोसियों ने मकान का ताला टूटा होने की सूचना दी। इस पर घर आकर देखा तो ताला टूटा हुआ एवं कमरों में सामान बिखरा पड़ा था। तलाशी ली तो सोने की चेन, अंगूठी, चांदी की पायल दो जोड़ी एवं 10 हजार रूपये नकदी गायब थी। इस पर पुलिस को सूचना कर प्रकरण दर्ज करवाया। जिसकी जांच सविना पुलिस थाने के हेडकांस्टेबल राजेन्द्र गुर्जर कर रहे है। इसी तरह शहर के अम्बामाता थाना क्षैत्र रामनिवास अम्बावाडी निवासी लक्ष्मण सिंह पुत्र रामसिंह के सूने मकान का अज्ञात चोर ताला तोड़ कर इलेक्ट्रोनिक सामान चुरा ले गए। 30 नवंबर को लक्ष्मणसिंह परिवार सहित शादी समारोह में गया था। पड़ोसियों ने मकान का ताला टूटा होने की सूचना दी थी। इस पर पुलिस को सूचना कर प्रकरण दर्ज करवाया। जिसकी जांच हेडकांस्टेबल लोकेश कर रहे है। वहीं जिले के फलासिया थाना क्षेत्र बिछीवाड़ा निवासी लक्ष्मी पत्नी शंकर लाल कलाल के सूने मकान का अज्ञात चोर ताला तोड़ कर सोने की चेन, चांदी की पायल, 10 हजार रूपये नकदी चुरा ले गए। लक्ष्मी के परिवार जन अहमदाबाद में व्यापार करते है। पांच छह माह से मकान सूना पड़ा था। दो दिन पूर्व गांव लौटने पर वारदात होने की जानकारी मिलने पर पुलिस को सूचना कर प्रकरण दर्ज करवाया।

नकदी हड़पी, मामला दर्ज

उदयपुर, (कासं)। सुखेर थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पीडित से नकदी हडपने का प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित कलेवा पलायु झारखण्ड हॉल रूपसागर निवासी सदाकत अंसारी पुत्र सत्तार मियां ने झारखंड के सहीम नामक आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया कि मैं कंस्ट्रक्शन का काम करता हूं। नवंबर माह में आरोपी मुझे मिला तथा झारखंड का होने का परिचय दिया तथा उसने निवेश करने पर धन दुगुना करने वाली कंपनी का डेमो बताया। इस पर मैने आरोपी को 5 लाख 50 हजार रूपये का भुगतान किया। निर्धारित समय पर आरोपी के मोबाईल पर संपर्क किया तो स्वीच बंद था। इस पर पुलिस को सूचना कर प्रकरण दर्ज करवाया। वहीं गोवर्धन विलास थाना पुलिस ने पीडित अनिल पुत्र भूरालाल सियाल निवासी एच ब्लॉक सेक्टर 14 गोवर्धन विलास की रिपोर्ट पर अज्ञात चोर के खिलाफ गत दिनों मकान के बाहर खड़ी कार चुरा ले जाने का प्रकरण दर्ज किया।

महिला का पर्स छीन भागे बदमाश

उदयपुर, (कासं)। गोवर्धन विलास थाना क्षैत्र के हाइवे पर बाइक सवार बदमाश राह चलती महिला के हाथ से नकदी से भरा पर्स छिन ले गए।पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर के गोवर्धन विलास काया हावड़े पर गुरूवार अपरान्ह में बाइक सवार तीन बदमाश राह चलते महिला वर्षा भैरवीया के हाथ से पर्स छिन ले गए। पर्स में4 हजार रूपये नकदी व 2 मोबाईल थे। इस मामले में हार्दीक भेरवीया पुत्र मुकेश जैन निवासी सेवानगर सेक्टर 4 ने गोवर्धन विलास पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया कि गुरूवार को संतों के कारवे के साथ मेरी मां वषर्ज्ञ व मौसी निधी पैदल विहार कर शहर से ऋषभदेव की तरफ जा रहे थे। जहां बीच रास्ते बाइक सवार बदमाश वारदात कर फरार हो गए।

निपुण मेले का आयोजन

उदयपुर, (कासं)। राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद के निर्देशानुसार निपुण मेले का शुक्रवार को आयोजन हुआ। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी महेंद्र कुमार जैन, शिक्षा परिषद के राज्य स्तरीय सलाहकार डॉ बृजमोहन शर्मा द्वारा मेले का अवलोकन किया गया।एकीकृत प्रदेश मीडिया प्रभारी राव गोपाल सिंह आसोलिया अधिकारियों के साथ राजकीय मास्टर किशन लाल शर्मा उमावि अंबामाता, राजकीय बालिका उमावि रेजीडेंसी उदयपुर राजकीय फतह उमावि आदि विद्यालयों का अवलोकन किया गया। प्रधानाचार्य रंजना मिश्रा द्वारा अतिथियों का स्वागत व विद्यार्थियों को उद्बोधन दिया गया।उदयपुर राजस्थान राज्य शिक्षा परिषद के निर्देशानुसार उदयपुर में समस्त यूसीईईओ विद्यालय द्वारा आयोजित निपुण मेले में राजकीय फतह उमावि परिसर में भी जीवन शैली सामाजिक जीवन एवं मिले से संबंधित मोटे अनाज से संबंधित प्रदर्शनियां विद्यार्थियों द्वारा लगाई गई। प्रदर्शनी का अवलोकन प्रधानाचार्य चेतन पानेरी, विद्यालय विकास एवं प्रबंधन समिति सचिव प्राध्यापक गोपाल सिंह आसोलिया, परिषद की ओर से डॉ ब्रजमोहन शर्मा बृजबाला शर्मा, सोमना गोयल द्वारा किया गया।

पेसिफिक में दुर्लभ बीमारी की सफल सर्जरी

उदयपुर, (कासं)। अगर किसी बीमारी का सही मूल्यांकन हो जाए तो उसका उपचार भी तुरन्त और सटीक हो सकता है। ऐसे ही एक दुर्लभ बीमारी यूरिनरी ब्लेडर फियोक्रोमोसाइटोमा का पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल के यूरोलॉजी विभाग के डॉ. हनुवन्त सिंह राठौड एवं उनकी टीम ने सटीक डाग्नोसिस एवं सफल ऑपरेशन कर 59 वर्षीय मरीज को नया जीवन दिया। सफल ऑपरेशन में ऑन्कोसर्जन डॉ.सौरभ शर्मा, डॉ.कोनार्क ठक्कर, निश्चेतना विभाग के डॉ. प्रकाश औदिच्य, डॉ. समीर गोयल एवं डॉ. विक्रम चन्द्रमोहन शर्मा एवं घनश्याम नागर का योगदान रहा।

पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पीटल में दुर्लभ बीमारी यूरिनरी ब्लेडर फियोक्रोमोसाइटोमा की सफल सर्जरी की गई।

दरअसल चित्तौड़गढ़ के कपासन क्षेत्र निवासी 65 वर्षीय एक महिला को पिछले सात आठ साल से पेशाब जाने के दौरान अचानक से ब्लड प्रेशर का बढ़ना,तेज सिरदर्द एवं पेशाब में जलन की समस्या थी। कई जगह दिखाया लेकिन सभी चिकित्सक मरीज के सिरदर्द और बी.पी. की समस्या को लेकर जॉच कराते और उपचार करते लेकिन समस्या यू ही बनी रही और मरीज को कोई फायदा नहीं हुआ। मरीज के परिजन उसे पेसिफिक हॉस्पिटल भीलों का बेदला लेकर आए जहॉ यूरोलॉजिस्ट एवं रिकन्स्ट्रक्शनल सर्जन डॉ.हनुवन्त सिंह राठौड को दिखाया तो मरीज की मरीज की सीटी स्केन एवं एमआरआई जॉच कराई तो पेशाब की थैली मे गठान का पता चला। जो कि उसकी दीवार से चिपकी हुई है। जिसका की ऑपरेशन बहुत ही जोखिम भरा था।

धोखाधड़ी का मामला

उदयपुर, (कासं)। शहर के प्रतापनगर थाना पुलिस ने पीडित के साझेदार के खिलाफ चोरी छिपे विदेशो में प्रतिबंधित वस्तुए भेज कर सरकार व कंपनी के साथ धोखाधड़ी करने का मामला दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित दीपक पुत्र मुरलीधर आचार्य निवासी शौभागपुरा ने आरोपी प्रतीक केवलानी पुत्र पुरूषोतम, जयेश केवलानी पुत्र पुरूषोतम पार्टनर माकफीश इंटरप्राईजेज प्रोपराईटर कार्ट फाउजर प्रतापनगर के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया कि मैं एवं आरोपी माकफीश कंपनी के पचास-पचास प्रतिशत के साझेदार है। 28 मार्च 2023 को आरोपियों ने अमेजोन डॉट कोम अमेरिका के लिए मुक्तावटी, तुलसी घनवटी, विको वठादंती सहित विभिन्न दवाओं को शिपिंग जरिये माल भेजा। पता चलने पर पड़ताल की तो आरोपियों ने अलग अलग नाम से कंपनीया बना रखी है । आरोपी देश के माल को चोरी छिपे भेज कर कंपनी, सरकार के साथ एवं देश के साथ धोखाधडी कर टेक्स चोरी करने की जानकारी सामने आई है। आरोपी कस्टम जरिये माल विदेश में भेजा जो प्रतिबंधित है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच एएसआई मोहनसिंह को सौंपी है।

छप्पन भोग धराया

राजसमन्द, ०(निसं)। जिले के कुंवारीया कस्बे के जागेटियों का मोहल्ला स्थित प्रभु श्री सत्यनारायण भगवान के मंदिर में शुक्रवार को छप्पन भोग मनोरथ का आयोजन किया गया। इस दौरान दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड उमड पडी। आयोजन के तहत अष्टधातु से निर्मित स्वर्ण मंडित लड्डू गोपाल की प्रतिमा को सत्यनारायण भगवान के मंदिर परिसर में सिंहासन पर विराजित कराया गया तथा उनके समक्ष विभिन्न प्रकार के व्यंजनों, मिठाइयों व खाद्य सामग्री का भोग धराया गया। छप्पन भोग झांकी के दर्शन के लिए काफी संख्या में श्रद्धालु गण मंदिर परिसर में पहुंच कर ठाकुरजी के जयकारे लगाए। आयोजन के तहत महिला कार्यकर्ताओं ने भावविभोर होकर हरि कीर्तन किया, जिससे वातावरण भक्तिमय बन गया। मंदिर के पुजारी ने विशेष पूजा अर्चना करके महाप्रसाद का वितरण किया।

शनि मंदिर में तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान संपन्न

उदयपुर, (कासं)। शहर के गोवर्धन विलास सेक्टर 14 स्थित शनि मंदिर में 3 दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान नवठाह स्थापना, महाप्रसादी के साथ शुक्रवार को संपन्न हुए। मंदिर के महंत नारायण गिरि ने बताया कि शुक्रवार को नवग्रह स्थापना एवं पूर्णाहुति, प्राणप्रतिष्ठा के साथ 3 दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए।

महंत ने बताया की मेवाड ज्योतिष परिषद के पंडित प्रोफेसर राज आमेटा के आचार्यत्व में 9 पंडितो द्वारा नवठाह की स्थापना एवं महाआरती के साथ 3 दिवसीय अनुष्ठान कार्य संपन्न हुआ। उसके बाद मंदिर में आये सभी भक्तो, संतो ने महाप्रसादी ग्रहण की जो देर रात तक चालू रही तथा बाहर से आए हुए संत महात्माओं को विदाई दी गई, इस अवसर पर शहर के भक्तजनों की आवा जाही देर रात तक चलती रही। महंत नारायण गिरि ने बाहर से आए संतो एवं गनमान्य लोगों का धन्यवाद अर्पित किया।

उदयपुर के गोवर्धन विलास सेक्टर 14 स्थित शनि मंदिर में तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान सम्पन्न हुए।

विश्व एड्स दिवस पर गोष्ठी आयोजित

बांसवाड़ा, (निसं)। इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी की ओर से मधुबन कॉलोनी स्थित आईआरसीएस कार्यालय में विश्व एड्स दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। एड्स जागरूकता विषय पर आयोजित गोष्ठी में संस्था के चेयरमैन डॉ. मुनव्वर हुसैन ने बताया कि एड्स अभी लाइलाज महामारी है इसलिए बचाव ही उपचार है।

उन्होंने कहा कि सभी को इसके कारणों के प्रति जागरूक होना चाहिए और विशेषकर छात्रों को समाज में जनजागृति लानी चाहिए। संस्था सचिव डॉ. रजनीकांत मालोत ने बताया कि एड्स 80 के दशक में फैली एक महामारी है जो विषाणु जनित है। उन्होंने बताया कि एड्स जागरूकता और बचाव के लिए 1 दिसम्बर 1988 से प्रति वर्ष विश्व एड्स दिवस मनाया जाता है। भारत में 1992 में राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम की शुरूआत की गई थी। 1992 से ही नियंत्रण के कार्य किए जा रहे है। संयुक्त राष्ट्र की 2021 की एक रिपोर्ट में बताया गया कि विश्व में अभी 3.80 करोड एड्स संक्रमित है और भारत में भी 24 लाख मरीज है। संस्था के कोषाध्यक्ष प्राचार्य शैलेंद्र सराफ ने बताया कि आज जीवनशैली में बदलाव हो रहा है इसलिए सभी को अपनी प्रतिरोधक क्षमता बढाने के लिए प्रयास करना चाहिए। इस अवसर पर संस्थान के राहुल सराफ, भारत कंसारा, निलेश सेठ, अजगर भाई पत्थरवाला, वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी शर्ली जॉय, प्रेरणा उपाध्याय, नीरज पाठक, अब्बास मद्रासी, कर्तव्य जोशी, अल्का लबाना, पुष्पा शर्मा, हिमांशु ताबियार, रुचिता चौधरी, सूरज राठौड आदि मौजूद रहे। भारतीय विद्या मंदिर शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय में विश्व एड्स दिवस प्राचार्य डॉ विशाल उपाध्याय की अध्यक्षता में मनाया गया। उपाध्याय ने महामारी के विभिन्न वैज्ञानिक पहलुओं, मानव शरीर पर पडने वाले उसके प्रभाव तथा निदान के विषय में जानकारी देते हुए कहा कि सुसंस्कृत और संयमित जीवन शैली हमें इस बीमारी से दूर रख सकती है। संकाय सदस्य आदित्य काले ने संक्रमण के फैलने एचआईवी होने की स्थिति में मनुष्य शरीर पर होने वाले प्रभाव तथा वर्तमान में उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं के विषय में प्रशिक्षणार्थियों को अवगत कराया। जागरूकता कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त संकाय सदस्य एवं प्रशिक्षणार्थी मौजूद रहे।

बांसवाड़ा में इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी की ओर से विश्व एड्स दिवस पर एड्स जागरूकता विषयक गोष्ठी को डॉ. रजनीकांत मालोत ने संबोधित किया।

कार्यशाला आयोजित

राजसमन्द,(निसं)।राजस्थान विधानसभा चुनाव के बाद अब 3 दिसंबर को होने वाली मतगणना से पहले जिला भाजपा द्वारा मतगणना एजेन्ट को प्रशिक्षण देने के लिए कार्यशाला जिला कार्यालय पर आयोजित की गई। भाजपा जिला मीडिया सह संयोजक नर्बदाशंकर पालीवाल ने बताया कि इस कार्यशाला में जिले की चारों विधानसभा के एजेंटों को महिला मोर्चा की प्रदेशाध्यक्ष रक्षा भंडारी ने अनुभव साझा करते हुए मतगणना के दौरान कोई परेशानी ना हो उन्हें प्रशिक्षण देते हुए कहा एजेंटो को मतपत्र, इलोक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन गणना एवं सम्बंधित प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया कि वे बिना किसी डर एवं दबाव में ना रहे। जिलाध्यक्ष मानसिंह बाहरठ ने प्रशिक्षण के दौरान बताया कि इस बार चुनाव आयोग के क्या नियम है मतगणना में बैठने वाले एजेंट को क्या करना है यह सारी चीज सीखने के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। जिससे कि प्रत्याक्षी ओर एजेंट अपने कर्तव्यों को जान पाए और उसका ठीक प्रकार से निर्वहन कर सके विधि सलाहकार गोविंद कंसारा ने कहा कि यदि उन्हें मतगणना के दौरान कोई विसंगति नजर आये तो उसका कानूनी समाधान पाने के लिए सम्बंधित अधिकारियों को सूचित करें।

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आंकलन प्राधिकरण राजस्थान सरकार के पत्र क्रमांक:- F-1(4)/SEIAA/SEAC-RAJ/Sectt/Project/cat.1(a) B1 (23421) 2023-24 Jaipur Dated 17/11/2023 के द्वारा श्रीमती अंजू लखावत को निकट ग्राम उमठी, तह. व जिला राजसमंद स्थित खनन पट्टा रेफरेन्स संख्या - 2019100006024 वास्ते खनिज मार्बल क्षेत्रफल 2.5383 हैक्टेयर के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। उपरोक्त स्वीकृति पत्र की प्रति जन साधारण के लिए उपलब्ध है एवं मण्डल की वेबसाईट http://environmentclearance.nic.in पर देखी जा सकती है। श्रीमती अंजू लखावत

राजस्थान सरकार
कार्यालय खनि अभियन्ता, खान एवं भू-विज्ञान विभाग, राजसमंद खण्ड-प्रथम
खनिज भवन, आर.के.राजकीय चिकित्सालय के सामने, बाईपास रोड़, राजसमंद
दूरभाष व फैक्स-02952-220190, Email-me.rajsamand1@rajasthan.gov.in

क्रमांक